हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों में से एक जिला है किन्नौर। यह हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से 240 कि.मी. दूर है। यह राष्ट्रीय मार्ग 5 पर स्थित हैं किन्नौर एक पर्यटन स्थल है। यहाँ पर प्रति वर्ष हजारों लोग घुमने आते है। किन्नौर में ऐसे कई गाँव है जिनका इतिहास जानने योग्य है। पर आज हम किन्नौर के ही एक गाँव कामरू के किले के इतिहास के बारे में जानते हैं। कामरू, कामरू एक बहुत सुंदर गाँव है। यह सांगला से 2 कि.मी. दूर है। यह समुद्र तल से 2600 मी. ऊपर स्थित है। इस किले तक जाने के लिए 800 मी. तक पैदल जाना पड़ता हैं इस किले का रास्ता कामरू गाँव के देवता बद्री विशाल जी के मंदिर से होते हुए जाता है। यह किला 1100 साल पुराना किला है। यह सात मंजिला किला लकड़ी का बना हुआ है। ऐसा कहा जाता है कि इस किले में राज परिवार के सदस्यों का राज्यभिषेक किया जाता था। कामरू के राजा पदम सिंह का राज्याभिषेक भी इसी किले में किया गया था। ऐसा कहा जाता है कि जो भी बच्चा राज परिवार में जन्म लेता था उसे किले में अवश्य लाया जाता था। कामरू के अंतिम राजा वीरभद्र सिंह (हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री) जी का राज्याभिषेक भी इस किले में हुआ था । किन्नौर रियासत के 121वें राजा पदम सिंह 13 नवंबर 1914 को गद्दी पर बैठे तथा 1947 तक शासन किया। यहां के लोगों का मानना है कि इस किले में कोटी देवी देवताओं का वास है। इस किले के अंदर कामाख्या देवी की मूर्ति है। जिसे इस किले की तीसरी मंजिल पर रखा गया है। ऐसा कहा जाता है कि इस मूर्ति को कई साल पहले गुवाहटी (असम) से लायी गयी थी। परन्तु इस किले के अंदर जाना मना हैं कामरू गाँव के लोगों का मानना है कि किले के अंदर देवताओं का वास है। इस किले के अंदर जाने के लिए किन्नौरी टोपी तथा गाद्दंग पहनना अति आवश्यक है। इस किले में केवल लोकल लोग ही प्रवेश कर सकते है। बाहर के लोगों को यहां जाने नहीं दिया जाता। इसका ध्यान रखने के लिए किले के बाहर एक होमगार्ड तैनात रहता है। लोहड़ी के दिन लोकल लोग ब्रह्मकमल लाते है और देवताओं को चढ़ाते है। उस दिन यहां पर बहुत देखने योग्य होता है। यह किला 1100 वर्ष पुराना है परंतु अभी भी बहुत मजबूत है। इस किले को इतनी बारीकी तथ मजबूती, खूबसूरती से बनाया गया हैं इस किले को देखने के लिए बहुत दूर-दूर से लोग आते हैं। यह किला सांगला गाँव से भी दिखाई देता हैं।

*सुमन, कला स्नातक*

# ठाकुर सेन नेगी की जीवनी

**जन्मः** ठाकुर सेन नेगी का जन्म किन्नौर के छोटे से गाँव शौग में हुआ था। उनकी जन्मतिथि के मत को लेकर लोगों ने अलग-अलग तिथि बताई है। कुछ 5 सितम्बर 1909 को इनकी जन्मतिथि कहते तो कुछ 4 दिसम्बर 1909 को। बुशैहर के प्रमाणो से पता चलता है कि इनकी जन्म तिथि 5 सितम्बर 1909 ही है।

**बाल्कालः** ठाकुर सेन नेगी का बचपन शौग की पवित्र भूमि में बीता। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने गांव मे की। पांचवी के बाद वे किल्बा गए वे अपने गांव से किल्बा पैदल ही आया जाया करते थे। उनके चार बहनें तथा दो भाई थे। ठाकुर सेन नेगी के पिता का नाम नारायण दास तथा माता का नाम श्रीमती ....... था। जब नेगी जी चौथी में पढ़ते थे उनके पिता जी की मृत्यु हो गई।


**शिक्षाः** ठाकुर सेन नेगी ने अपनी हाई शिक्षा विक्टोरिया हाई स्कूल सोलन से की। 1928 को उन्होंने कृषि अनुसंस्थान कॉलेज लायलपुर में लॉ की शिक्षा ग्रहण की तथा उन्होंने एल.एल.बी. की शिक्षा भी प्राप्त की थी। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने अनेक कार्य किए थे।

**राजनीतिक दौरः** ठाकुर सेन नेगी किनौर के भारतीय जनता पार्टी के सदस्य थे। उन्होंने 1967, 1972, 1979 में विधानसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। उन्होंने किन्नौर के लोगों के बारे में सोचकर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के बारे में कानून बनाने की सोची। किन्नौर में अनुसूचित जनजाति जाति तथा पांगी भरमौर में गुज़रों को अनुसूचित जाति तथा जनताजि में सरंक्षण देने के लिए सरकार के समक्ष अपने विचार रखे, जिसके कारण बाहर के लोग किन्नौर वालों के भोलेपन का फायदा न उठाकर उनके बगीचों तथा जगहों को न हथिया सके। उन्होंने इस विचार को रखा इसलिए सरकार ने पांगी भरमौर तथा किन्नौर जनजाति के लोगों के लिए आरक्षण के लिए कानून बनाया है। नेगी जी ने अनेक सम्मेलनों में भाग लिया था। वे कैबिनेट के सदस्य भी बनाए गए थे तथा वे अपने राजनीतिक करियर में एक सलाहकार भी बने थे।

ठाकुर सेन नेगी एक महान् व्यक्ति थे वे एक छोटे से गांव से निकलकर एक महान् राजनीतिज्ञ बने। उन्होंने अपने लोगों के लिए बहुत ही महान् काम किए थे। आज नेगी जी हमारे बीच नहीं है वे फिर भी हर एक किन्नौर के लोगों के ह्रदय में बसे हुए है।

**देहांतः** ठाकुर सेन नेगी एक अद्भुत के व्यक्ति थे परंतु उनकी मृत्यु 91 वर्ष की आयु में हो गई। 2 जनवरी 2001 को महान् व्यक्ति ठाकुर सेन नेगी का देहांत हो गया।

*कविता, कला संकाय तृतीय वर्ष*



# निचार का इतिहास

निचार गाँव हिमाचल प्रदेश के किन्नौर तहसील में बसा गाँव है इस एक गाँव में कई छोटे गाँव बसे है। काश्पो, निंगानी, ग्रादे, पूजे तथा ग्रागें। जिस प्रकार यहाँ अलग-अलग गाँव है उसी प्रकार हर गाँव के अलग देवी-देवता तथा अलग-अलग मान्यताएँ एवं पौराणिक कथाएँ हैं । मुख्यत निचार में तीन देवी-देवता विराजमान है, ग्रांगे नाग, ऊषा देवी तथा नारायण जी।

**ग्रांगे नाग जी की उत्पति:** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार निचार के 'जिन्ती' नामक स्थान पर एक चारगाह बकरी चुगा रहा था अचानक उसके समक्ष एक अत्यधिक मोटा तथा लम्बा नाग आया जिसे देखकर चरागाह की डर के मारे आँखे बन्द हो गई। उस समय उस चरागाह के हाथ में धराटी थी तो चरागाह ने उसे धराटी के द्वारा उस नाग के 5 टूकड़े कर दिए। उन टुकड़ों में दैवीय शक्ति होने के कारण सिर का हिस्स स्वंय में सम्पूर्ण नाग बन गया उसी प्रकार हर टूकड़ा समपूर्ण नाग में बदल गया। जो पाँच भाइयों के रूप में विख्यात हुए। सबसे बड़े नाथपा नाग जी, जो नाथपा गाँव में विराजमान है, उनसे छोटे गर्म पानी नाग जी जो की सतलुज नदी के तट पर नाथपा जाने वाले रास्ते में विराजमान है उनसे छोटे ने भी वही उन्हीं के साथ स्थान ग्रहण किया। तथा उनसे छोटे निरोल ठाकुर जी और सबसे छोटे ग्रांगे नाग जी निचार के गाँव ग्रागे में ही विराजमान हैं ग्रांगे नाग जी अपनी जन्मभूमि को छोड़ कहीं न गए इसी कारण वश यह मिट्टी के बड़े देवता कहलाए, बड़े कहलाने की एक मान्यता यह भी है कि उनका जन्म उस नाग की पूँछ से हुआ और मान्यताओं के अनुसार पूँछ में सबसे ज्यादा जहर और शक्ति होती है। उस समय ग्रागे गाँव की आबादी सिर्फ 6 लोगों की थी और नाग जी उनके सपने में आए और अपने होने का आभास कराया। सतयुग में वह लोग 'श्री पदम सिंह जी' के पास गए और यह सब बताया उस समय पदम सिंह जी राजा हुआ करते थे।पदम सिंह जी ने अपने सिरहाने के कपड़ा देते हुए कहा देवता जी को रूप दिया जाए तथा मंदिर बनाया जाए। वह कपड़ा सफेद रंग का था उस समय इतनी सुविधाएँ नहीं थी जिसे उसे रंग दिया जाए। तो उन गाँव वालों ने झाडियों के जडों को पानी में उबाल उबालकर उसका रंग सफेद कपड़े को रंगने के लिए प्रयोग में लाया जो की पीला था। ग्रांगे नाग जी अत्यधिक शक्तिशाली होने के कारण हर जगह विख्यात हैं उनके प्रकोप को देखकर उनपर एक गाना भी लिखा तथा गाया गया हैं 'किशो नागेस गितांग'। NJVPके शुरूआती दौर में कम्पनी ने एक इंजिनियर को सुरंग खोदने का कार्य दिया देवता जी ने मन्दिर के नीचे से खुदाई के लिए मनाई दी परन्तु वह इंजिनियर नहीं माना और कार्य को आगे बढ़ाता गया। एक रात उसके सपने में देवता जी ने दर्शन दिए वह फिर भी इसे वह्म समझ कार्य करता रहा फिर देवता जी ने उसे अपने नाग रूप में दर्शन दिए जिससे वह डर गया और सुरंग को मोड़कर दूसरी जगह से कार्य शुरू किया। देवता जी ने न्याय के चर्चे हर तरफ होते हैं।

**ऊषा माता का आगमन :** कृष्ण भगवान की पौत्रबधु, हिडिम्बा तथा बाणासुर की पूत्री ऊषा माता अपनी पुत्री छोटा कम्बा में छोड़कर कैलाश की ओर जा रही थी। उनके पल्लू में वृक्षों के बीज़ थे जो की निचार में गिर गए वहाँ उसी समय कही सारे वृक्ष उत्पन्न हो गए जिसे देख माता प्रसन्न हुई और वही रहने का फैसला ले लिया। देवी जी की सुन्दरता के चर्चे हर जगह है। निचार गाँव का इतिहास इतना बड़ा है कि इसे जानना तथा कम समय में लिख पाना काफी मुश्किल है।


*-मीना कुमारी*
*कला स्नातक, द्वितीय वर्ष*

## पुस्तक

ज्ञान का भण्डार है पुस्तक,
अद्भूत एक संसार है पुस्तक,
प्यार जो इससे करता उनका
करती बेड़ा पार है पुस्तक
रहन-सहन और जीवन में
लाती एक निखार है पुस्तक
व्यक्ति के व्यक्तित्व में अकसर
करती खूब सुधार है पुस्तक

उन्हें सफलता निश्चित मिलती,
जिनका पहला प्यार है पुस्तक
धरती-गगन का रहस्य खोलती,
इस दुनिया का सार है पुस्तक
परीक्षा काल में छात्रों का
बन जाती हथियार है पुस्तक

*काजल ठाकुर*
*कला संकाय, द्वितीय वर्ष*



# हिमाचल प्रदेश का किन्नौर जिला

हिमाचल प्रदेश बेहत ही खूबसूरत राज्य हैं । हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला हैं ।हिमाचल प्रदेश में कुल 12 जिले हैं उसमें से एक जिला है किन्नौर, जोकि हिमाचल प्रदेश के उत्तर-पूर्व में स्थित है। किन्नौर जिले को पूर्ण दर्जा 21 अप्रैल 1960 को मिला। किन्नौर जिले तक पहुँचने का मार्ग काफी मुश्किल है इसी कारणवश यह काफी लम्बे समय तक पर्यटकों से अछूता रहा है। किन्नौर जिला बेहद ही सूंदर तथा आकर्षक रहा है। किन्नौर जिले के कोने-कोने में देवी देवताओं का वास है। किन्नौर जिले का मुख्यालय रिकाँग पिओ हैं। यहाँ के वासी पहले बेहद की सादा जीवन व्यतीत करते थे। पहले की अगर हम बात करे तो यहाँ के निवासी मुख्यत: कृषि तथा पशुपालन का कार्य करते थे। मुख्यत: वह जौ फापरा, ओखला, आलू इत्यादि फसलों को उगाते हैं। पहले के लोग मुख्यत: अपने खेतों से उगाये जाने वाली फसलों का ही सेवन करते थे। जैसे चुल्ली का फाटिंग, फापरा, आखेला का चिल्टा उनके मुख्य आहार थे।

**वेश-भूषा :** पहले के लोग अपने हाथों से बनाई गई वेश भूषा पहनते थे। महिलाएँ ज्यादातर दोड़ू उसके ऊपर गाची तथा चोली व किन्नौरी टोपी पहनती थी। पुरुष ऊन के पैजामें तथा जानवरों की ऊन से बनाए गए वस्त्र पहनते थे।

**शादी :** किन्नौर जिले में आरंम्भ में बहुपति विवाह प्रचलित था व शादी कि पहले राक्षसी विवाह प्रथा प्रचालित था। किन्नौर जिले में शादी के लिए जो रस्में निभाई जाती है वह बहुत ही अलग हैं यहाँ हिन्दू धर्म की भांति फेरे नहीं लिए जाते है।

**बोली :** यहाँ के लोग अपनी स्थानीय बोली बोलते हैं।

**किनौर जिले का सापनी गाँव**

किनौर जिले का सापनी गाँव बेहद ही खूबसूरत गाँव हैं यह करछम से लगभग 8 किलोमीटर ऊपर है। सापनी गाँव की आबादी लगभग पाँच हजार के आस-पास हैं। हमारे गाँव के ईष्ट देव का नाम सिधी सर्प यानी पीरी नाग हैं अगर हम उनकी उत्पति की बात करे तो पौराणिक कथाओ के अनुसार उनकी उत्पति दूलिंग सर से हुई है। ऐसा माना जाता है कि एक चारागह अपने भेड़ को दुलिंग सर के आस-पास चराहाता था। वह रोज देखता था उसकी एक भेड गायब है तो इस बात की पुष्टि करने के लिए उनके भेड़ों पर नज़र रखनी शुरू कर दी तो उसने देखा उसकी भेडें ही दिन दुलिंग सर में जाकर गायब हो जाते हैं तो उस चरवाहा ने एक दिन एक भेड़ की बलि देखकर दुलिंग सर में डाला तो एक चमत्काररिक ढंग से एक धातु बाहर निकला जिसे वह चारागाह पाँच मूर्तियाँ बनाना चाहता था परंतु वह तीन मूर्तियों के रूप में बदल जाते थे। तो इस तरह से श्री दुलिंग नाग साधवी पंडित जी, तथा पैरवा नाग जी व सिधी सर्प पीरि नाग जी की उत्पति हुई। यह तीनों भाई अलग अलग जाकर विराजित हुए। जिसमें से सबसे छोटे भाई ने सापनी गाँव में विराजित होने का निर्णय लिया।

वर्तमान में पीरि नाग, बेरिंग नाग व नागिन माता हमारे गांव में विराजति है। आज भी सापनी गाँव के निवासी अपने आराध्य देव पीरि नाग जी की सच्चे दिल से पूजा करते है।

अगर हम वर्तमान के सापनी गाँव के बारे में बात करे तो यहाँ आज भी पुराने रीति रिवाजों को मनाया जाता है।

सापनी गाँव का किला माना जाता है कि इस किले को पांडवो ने बनाया है। परन्तु अगर बात करें हम कुछ लोगों की तो उनका मानना है कि यह किला राजा पदम सिंह ने अपनी रानी के लिए बनवाया था। यह किला आज भी हमारे गाँव में मौजूद है परन्तु गाँव के मुखिया या लोगों की लापरवाही के कारण आज यह खूबसूरत सा किला खंडर बना है।

**मेले :** सापनी गाँव में फूलायाच तथा कुंथ का मेला मनाया जाता है और भी बहुत से मेले मनाये जाते है।

**त्यौहार:** हमारे गाँव में बहुत से त्यौहसर मनाया जाता है जिसमें मुख्यत: है जागंग।

*कल्पना, स्नातक*

# किन्नौर

हिमाचल प्रदेश 30 रियासतों से मिलकर बना है, उनमें से किन्नौर की बुशहर रियासत भी उनका हिस्सा थी। किन्नौर 21 अप्रैल 1960 में अस्तित्व में आया और इसका गठन 15 अप्रैल 1948 को हुआ। जब किन्नौर बुशहर रियासत का एक हिस्सा था, तब इसकी राजधानी कामरु थीं कामरु गांव पूरे किन्नौर क्षेत्र में प्रसिद्ध है। यह गाँव प्राचीनकाल से ही विख्यात माना जाता है।

किन्नौर का क्षेत्रफल 6401 वर्ग किलोमीटर है, जो दूर-दूर तक फैला है। कल्पा, कामरु, सांगला, किल्बा, निचार, पूह, रिंकागपिओ, नाको आदि बहुत से गांव है, जो बहुत ही खूबसूरत है। किन्नौर ज़िले की सबसे बड़ी खासियत यहाँ कि संस्कृति वेश-भूषा और भौगोलिक परिदृश्य (जिसकी प्रकृति अत्यंत सुन्दर व आकर्षक है), व यहाँ के लोगों में देवी-देवताओं के प्रति सच्ची आस्था एवं मान्यताएँ है। वैसे किन्नौर की भूमि को देव-भूमि कहा जाता है क्योंकि यहाँ पर देवी-देवताओं का निवास स्थान है।

किन्नौर की संस्कृति अपने आप में एक मिसाल है, जो हिमाचल प्रदेश के सभी ज़िलों से अलग है। ज़िला किन्नौर के लोगों को तिब्बती लोग 'खूनू' कहते है। प्राचीन काल में यहाँ के लोगों को खश कहते थे। कई साहित्यकारों ने इन्हें "अश्वमुखी और किम नर अर्थात् "कैसा नर" कहा है। कहा जाता है कि पांडवों ने 12 वर्षों का वनवास यहाँ बिताया था और यहाँ पर कई स्थानों पर अपने चिह्न छोड़े व कई किलों और घाटियों का निर्माण भी किया था। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से यहाँ पर आते हैं और इसकी बनावट व सुंदरता को देखकर आश्चर्यचकित रह जाते हैं।

ज़िला किन्नौर की संस्कृति सबसे भिन्न और आकर्षक है। यहाँ पर खान-पान से लेकर, वेशभूषा काफ़ी अलग व प्रसिद्ध है। अगर यहाँ के त्योहारों की बात करें तो फुलाइच (फूलों का त्योहार), होली, उख्यांग, लोसर व शिवरात्री बहुत प्रसिद्ध है। यहाँ के लोग और भी बहुत से त्योहार मनाते हैं, जो यहाँ के देवी देवताओं के अनुसार मनाया जाता हैं इन त्योहारों को लोगों बड़ी सच्ची आस्था व विश्वास के साथ मनाते व इसका आनंद लेते हैं।

यहाँ की परंपरा के अनुसार ये लोग समय-समय देवताओं को पूजते हैं। इन देवताओं को पूजते वख्त यहाँ लोगों द्वारा पशु बलि भी दी जाती है। इन लोगों के अनुसार पशु बलि देना देवताओं को खुश करना तथा अपने घरों की सुख-शांति की कामना करना हैं ऐसा माना जाता है कि इन बलियों से ही देवी-देवताओं की पूजा सम्पन्न हो जाती है। बलि प्रथा के साथ-साथ यहाँ पर शराब (जिसे किन्नौरी बोली में 'घण्टी' कहा जाता है। काफी प्रचलित हैं इसके बिना कोई भी त्योहार व देवी-देवताओं की पूजा आधूरी मानी जाती है। दरअसल ये सब करना अनुचित व ठीक नहीं है, लेकिन यह प्राचीन समय से ही चला आ रहा है। जो यहाँ की संस्कृति में शमिल है। इन सब के अलावा अगर किन्नौर के लोगों की वेश-भूषा की बात करें, तो यह बहुत सुंदर व आकर्षक है। दोड़ू, चोली, पट्टू और किन्नौर की शान 'किन्नौरी टोपी' ये सब किन्नौरी आभूषण यहाँ के लोग पहनते है। साथ ही किन्नौरी आभूषण, जो बहुत सुंदर होते हैं। ये आभूषण सबसे अलग सोने, चांदी और कई कीमती पत्थरों से बने होते हैं।

यहाँ की वेशभूषा व आभूषण बहुत महँगे तथा कीमती होते हैं। यही किन्नौर की पहचान व यहाँ की संस्कृति का एक अभिन्न अंग हैं किन्नौर के लोगों के रीति-रिवाज़ों में मनोरंजन का भी खूब प्रच्चलन है। यहाँ के लोग नाचने-गाने के बड़े शौकीन होते है। प्राचीन मान्याताओं के अनुसार यहाँ के लोगों व संस्कृति का इतिहास इनके पारंपरिक गीतों मे छिपा है, जिसकी वजह से इनका प्राचीन इतिहास जाना जाता है। किन्नौर का इतिहास भी इन लोग गीतों के द्वारा सुरक्षित व विद्यमान है।

किन्नौर ज़िला फलों के उत्पादन में हिमाचल प्रदेश के कई ज़िलों से आगे हैं। यहाँ पर सेब और अंगूर का उत्पादन अत्याधिक होता है। यह ज़िला काफ़ी हरा-भरा और समृद्ध हैं। यहाँ की प्रकृति अत्यंत सुंदर व ह्रदय को मोहित करना वाला है। यहाँ के प्रसिद्ध क्षेत्र व पौराणिक कथाएँ लोगों को आकर्षित करती है, जिसकी वजह से दूर-दूर से लोग आते है। जो इसकी सुंदरता को देखकर दंग रह जाते हैं। किन्नौर की इन रहस्यमयी वादियों व यहाँ के रीति-रिवाज़ों और संस्कृति सभी संस्कृतियों के लिए एक मिसाल है, जो हिमाचल प्रदेश को निखारता है।

*-पायल, कला संकाय प्रथम वर्ष*

# फुलाइच मेला

हिमाचल प्रदेश अपने प्रर्यटक स्थलों व घाटियों के लिए प्रसिद्ध है। हिमाचल के मेले व उत्सव इसकी शोभा को और बड़ा होते है। कल-कल करती नदियाँ व देवदार के घने जंगल को देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से यहाँ घूमने के लिए भी आते है। हिमाचल को 'मीनी रिवजरलैंड' भी कहाँ जाता है। हिमाचल को देवभूमि भी कहा जाता है। यहाँ के लोग देवी-देवताओं पर उनकी बहुत मान्यता होती है। हिमाचल में कई मेले मनाएँ जाते है परन्तु उनमें से प्रसिद्ध मेला मुझे किन्नौर का फुलाइच मेला लगता है। जो पूरे भारत में भी काफी प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि इस मेले की शुरुआत सितम्बर के महीने से की जाती है जिस हमारे हिंदु कलेंडर के हिसाब से 'भाद्रपद' कहा जाता है उसी तरह किन्नौरी में 'बाद्रांग का महीना' भी कहा जाता है। इस मेले की शुरुआत रुपी गाँव से होती है। जिला किन्नौर में यह अपने-अपने खंड में पूरे रीति-रिवाजों से मनाया जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि लोग अपने मृत परिजनों की याद में भी इस मनाते है। पर्यटको के लिए यह सही समय होता हे क्योंकि इस मेले में आकर वह किन्नौर के लोगों, पहनावें, रीति-रिवाजों व खनपान के बारे में जान सकते हैं फुलाइच मेला सितम्बर महीने से शुरु होता है और अक्तूबर महीने के अंत में खत्म हो जाता है। इस मेले को 'फूलो का त्योहार' भी कहा जाता हैं गाँव की चोटियों पर 'डोंगर' नामक फूल मिलते है। जिसे गांव के लोग पुरुष लेकर आते है वह ये फूल देवी-देवताओं पर चढ़ाये जाते हैं ऐसा कहा जाता है कि चोटी की एक तरफ फूल उढाने वाले रहते है जो मृतपरिजनों की याद में अनाज चावल व शराब अर्पित करते है। वहीं दूसरी तरफ 'पूजा के समय' डोल बजाया जाता हैं ऐसा कहा जाता है कि इस दौरान 'कंडे' नामक स्थान में नहीं जाना चाहिए। गाँव के लोग उस समय उधर नहीं जाते। चोटियों से लाये हुए फूलों को देवी-देवताओं को अर्पित किया जाता है। गाँव की महिलाऐं मंदिर में घोहड़ू व आभूषण पहल कर आती हैं पूरे हर्षोल्लास से यह मेला मनाया जाता हैं। महिलाऐं देवताओं को धूप (धूपांग) भी देते है। वैसे तो यह हर खंड में सितम्बर महीने में मनाया है परन्तु कल्पा में यह मेला अक्टूबर के महीने में मनाया जाता हैं फूलाइच मेला का अंत भाषा वैल्ली नामक स्थान से होता हैं यह मेला हमारी संस्कृति को एक अलग झलक से देखाती है। मुझे बहुत ही गर्व होता है कि मेरा जन्म यहां हुआ है।

*-आकांक्षा*

# ओरमिक मेला

ओरमिक मेला मनाने की प्रथा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। यह मेला किन्नौर जिले में केवल मुरंग गांव में मनाया जाता है। यह आठ दिन तक चलता है। बुजुर्गों का कहना है कि यह मेला तब मनाया जाता है जब मूरंग गांव के देवता तथा देवी ओरमिक शू तथा चण्डीका माता गांव के जेठ देवता दवारंगगशुंश का मिलन होता है। यह मिलन साल में केवल एक बार ही होता है। यह इसलिए होता है क्योंकि दंवारंगशुग देवता पुरे साल में कवेल एक बार ही अपने मन्दिर से बाहर निकलते है। ओरमिक मेला मुरंग में स्थित किले में मनाया जाता है।

**मुरंग में किले का निर्माण:** मुंरग में किले का निर्माण पाँच पाण्डवों ने किया था जब वे सभी 14 वर्ष का वनवास काट रहे थे। पाण्डव जब मुरंग क्षेत्र मे आए तो उन्होंने एक पेड़ काटा तथा जिस स्थान पर पेड़ का सिरा गिरा उस स्थान पर उन्होंने एक ही रात में तथा एक ही पेड़ से किले का निर्माण किया । पाण्डव चाहते थे कि किले के चारों तरफ पानी लाए ताकि उन तक कोई पहुंच न सके। परन्तु सुबह होने के कारण वह कार्य पुरा नहीं हुआ। सुबह होते ही पाण्डव उस स्थान को छोड़कर चले गए। आज भी किले के अन्दर से सतलुज तक जाने का आधा रास्ता हैं।

**ओरमिक मेले की शुरुआत :** ओरमिक मेला माघ या फाल्गुन माह में मनाया जाता है। लोसर में दबारंगशुंग देवता को अपने मन्दिर से किले में पहुंचाया जाता है। किले का दरवाजा केवल साल में एक बार ही खोला जाता है। दरवाजे से अन्दर केवल पुरुष या देवता के साथ चलने वाले पुरुष ही जा सकते है। महिलाओं का अन्दर जाना वर्जित हैं रिंगोलसंग के दिन ओरमिक शु तथा चण्डीका माता किले में जाते है। उस दिन पुरे दिन तथा रात को मेला लगता है। दवारंगशुंग देवता की शक्तियाँ दो मुकुटों में समाए हुए है। मेले की शुरुआत में दो पुरुष उन मुकुटो को पहनते है। इस मेले में दोनों पुरुषों को देवता ओरमिकशु द्वारा चुना जाता है। ये दोनों पुरुष अपनी वेशभुषा पहन लेते हैं यह वेशभुषा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। मेले में पांच पुरुष पांच पाण्डवों की वेशभुषा धारण करते है। जब मेला शुरु होता है तब देवताओं के साथ–2 पाण्डव भी नाचते है। पहले दिन केवल दवारंगशुंग तथा पांच पाण्डव ही नाचते हैं दवारंगशुंग मूंरग के सबसे बड़े देवता है। दूसरे दिन ओरमिकशु भी किले में जाते है तथा उस दिन पुरी रात मेला करते है। तीसरे दिन शाम के समय देवता ऊपर आते हैं शिंलीग में उनकी जगह है। वहां पर वे मेला करते हैं दवांरगशुंग केवल तब तक बाहर नाचते है जब तक चाँद नहीं निकलता ये देवता चाँद की रोशनी में बाहर नहीं रहते। चौथे दिन शिंलिग से कारजंग जाते है वहाँ पर भी पुरी रात मेला होता हैं पाँचवे दिन बड़े देवता दबारंगशुंग को अपने मन्दिर में रखा जाता हैं छटवे दिन ओरमिकशु कारजंग में मेला करते हैं सातवें दिन ओरमिकशु को भी अपने मन्दिर में रखा जाता हैं आठवे दिन ओरमिकशु जी भी सभी देवी देवताओं के साथ स्वर्ग चले जाते हैं उस दिन गाँव के लोग अलग–2 तरीके के पकवान बनाते हैं ओरमिक मेले में सभी गाँव के निवासी अपनी वेशभुषा में आते है। इस मेले में पूरे आठो दिन कोई भी व्यक्ति फोटो या विडियों नहीं बनाता। क्योंकि यह करना प्राचीन काल से ही वर्जित हैं।

*–रेखा*
*वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष*



## श्री दुलिंग नाग जी का इतिहास

जिला किन्नौर में ऐसी कई मान्यताएं है, जिसके अनुसार यह कहा जा सकता है कि यहां कई ऐसे देवी-देवता विद्यमान है जिन्हें या तो गुप्त रूप में या फिर पालकी के रूप में सजाकर पूजा जाता है। ऐसे-ही एक मान्यता के अनुसार बताया गया है कि ब्रुआ गांव जोकि जिला किन्नौर के वांगटू से लगभग बीस किलोमीटर की दूरी पर बास्पा नदी के तट पर स्थित है। गांव के कुल ईष्ट का नाम दुलिंग नाग साध्यो पंडित कैसे पड़ा?

एक दन्तकथा के अनुसार गांव में जो अभी वर्तमान में मंदिर है उसे डूंखर के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में डूंगर का घर निचार के पौंडा नामक गांव में है। वहां से तुंके नामक एक लड़की ब्रुआ गांव में ब्याही गई थी। प्राचीन समय में ब्रुआ गांव में पानी की बहुत समस्या थी। गांव की महिलाएं कई किलोमीटर दूर बास्पा नदी या फिर घाटी के बाल्चो नामक स्थान से पानी लाने जाती थी। तुंके को भी उन महिलाओं के साथ पानी लाने जाना पड़ता था। एक दिन जब वह अपने घर गई थी तो उसके पिता ने उसे जुएं देखने को कहा। इसी बीच उसे अपने ससुराल के जल संकट की याद आ गई और आंसू गिरकर पिता के गाल पर गई। पिता ने देखा आसमान तो साफ है फिर उसने अपनी बेटी की ओर देखा तो वह रो रही थी। उसके पिता ने उससे पूछा तो उसने उन्हें सारी बात बता दी। इसके बाद उसके पिता ने एक टोकरी में सांप के बच्चे लाए और उससे कहा कि इस पिटारी को वहीं खोलना जहां तुम्हें पानी की जरूरत पड़े। उसके पिता ने उसे नहीं बताया कि पिटारी में क्या है। तुंके पिता के कहे अनुसार पिटारी लेकर चल पड़ी। रास्ते में बांगतू के समीप वह थककर आराम करने के लिए बैठी उसे वहां पिटारी खोलने की इच्छा हुई जैसे ही उसने पिटारी को खोला उससे एक सांप का बच्चा निकला और झाडियों में जाकर छिप गया। वहां पर बहुत पानी निकल गया उसके बाद उसने किल्बा के बाल्यों नामक स्थान पर पिटारी को खोला और एक सांप का बच्चा निकल गया। वर्तमान में वहां काफी पानी है। बाकि शेष बच्चों को उसने पशुशाला में छोड़ दिया। गांव की महिलाओं को जब इस बात का पता चला तो वे सभी ईर्ष्या करने लगे। उनमें से एक महिला (कुरन चतुर) ने कहा कि इस पानी के उपयोग से बीमारी फैलेगी। उसने कहा कि इस पशुशाला में कुत्ते की भल की दुनी दे दी जाए और जब बच्चे बाहर आ जाए तो उन्हें मार दिया जाए। तुंके ने उस महिला के कहे अनुसार वैसा ही किया और जैसे ही सांप के बच्चे बाहर आ गए उसने उन्हें काटना आरंभ कर दिया। प्रत्येक सिर से एक किल्टा भर जाता था। उसने उस टुकड़ो को चिस्पानदारांग नामक स्थान से नीचे फैंक दिया। उस सांप के टुकड़ों ने एक लंबे सांप का रूप धारण कर लिया था जो घाटी से सापनी गांव तक लम्बा था।



उस समय डूंगर के पास काफी भेड़े थी। वह उसे चराने के लिए घाटी की ओर ले जाता था। उसके भेड़ों में हर दिन एक नर भेड़ गुम हो जाता था। एक दिन उसने भेड़ के पैर में धागा बांध दिया था। जब वह उसके पीछे गया तो उसने देखा कि वह भेड़ घाटी के ससंराग नामक झील से उसकी ओर निहार रहा था। उसने उस भेड़ को मार डाला और उसके पेट से उसे धातु का टुकडा मिला। उसने वह टुकड़ा सुनार को अंगूठी बनाने के लिए दिया था। जैसे ही सुनार उस अंगुठी को मारता उसके तीन टुकड़े हो जाते थे। उस सुनार ने उन टुकड़ो को सुसंराग झील में जिसे दुलिंग सरोवर भी कहा जाता है वहां फेंक दिया। वहीं से तीन भाईयों का जन्म हुआ। तीनों भाईयों ने देखा कि नीचे गांव है उसे बसाने के लिए पानी चाहिए। उन्होंने वहां पानी निकाला और वह धारा नीचे जाकर दूसरे पानी में मिल गई। उसके बाद तीनों भाईयों श्री दुलिंग नाम जिन्हें दुलिंग नाग साध्यों पंडित के नाम से जाना जाता है, पिरी नाम जिनका वास्तविक नाम सिद्धि सर्प तथा पेखा नाग जिन्हें गोपाल चंद ठाकुर कहा जाता है, तीनों ने अपना-अपना क्षेत्र बांट लिया। सबसे बड़े भाई ने ब्रुआ, मंझले ने रोहडू (पेखा) तथा छोटे ने सापनीं (पिरी) चुना। इन तीनों भाईयों का मिलन या तो सापनी या फिर पेखा में होता है। परंतु ब्रुआ में नहीं होता। श्री दुलिंग नाग जी का साधु रूप होने के कारण नाम दंलिग नाग साध्यो पंडित पड़ा।

*गुलवंशी, कला स्नात, द्वितीय वर्ष*



# फागुली मेला
## किन्नौर जिला त्यौहारों का घर।

निचार खण्ड में स्थित एक छोटा-सा गाँव ग्राँगे जोकि मेरा गांव है। ग्रांगे गांव का सबसे मशहूर मेला जोकि फागुली मेले के नाम से विख्यात है। आज मैं मेरे गांव के प्रसिद्ध मेले के बारे में लिखने जा रही हूँ।

सर्वप्रथम, फागुली मेला प्रत्येक वर्ष मार्च या अप्रैल के महीने (फागुन-मास) में मनाया जाता है। इस मेले का सभी लोग चाहे वे बच्चे हों या बूढ़े सभी बेसबरी से इंतज़ार करते हैं, क्योंकि यही एक ऐसा मेला है जिसमें गांव के सभी लोग चाहे वे गांव से बाहर ही क्यों न रहते हों वे भी इस मेले में शामिल होते हैं। यह फागुन मास में मनाया जाता है।

सबसे पहले तो सुंगरा गांव के देवता महेश्वर जी इस मेले की तारीख निकालते हैं फिर निचार की देवी ऊषा माता जी द्वारा उस दिन को ऊपर-नीचे करके एक तारीख सुनिश्चित करती है। फागुली मेला बहुत लम्बा चलता है।

पुराने बुजुर्गों द्वारा इस मेले को मनाने के लिए काफी सारे रीति-रिवाज़ भी है।

उन सभी रीति-रिवाजों को पूरा करके ही पुराने बुजुर्गों का मानना है कि फागुली-मेले को मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नए वर्ष में नए जीवन की शुरूआत करना है। मेले की शुरूआत के पहले दिन घर की साफ-सफाई व पेंट करके अच्छे से घर का साफ किया जाता है।

दूसरे दिन पूरी-हल्वा व गेहूं के चिल्टे बनाकर उसे पूजा जाता है।

तीसरे दिन घर के एक कोने में बुगंग बिठाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि उस दिन प्रत्येक व्यक्ति के घर में सावणी निवास करने आ जाती है। उसके बाद में जब तक सावणी को विदा नहीं किया जाता तब तक घर में ज्यादा शोर भी नहीं मचाने दिया जाता।

उसके बाद हमारे लोकल अनाज जैसेः- गेहूं, जौ, सोयाबीन, डंखर की मूढ़ी बनाई जाती है। अरप्रोट-बिजा भी इसमें शामिल होता है व रात को सावणीयों के आगे इसे बिठा कर पूजा की जाती है। उसके अगले दिन जैसेः- गेहूं का आटा, कोद्दे का आटा व फाफरे के आटे के चिल्टे बनाए जाते है व शाम के समय सावणी के आगे उसे पूजा जाता है।

उसके अगले दिन ओगले के आटे का दू (सुतरालो) बनाया जाता है व मास भी बनाया जाता है। (दू) व चावल को भी शामल के ही समय सारणी के आगे पूजा को भी शामिल किया जाता है। उसी रात को अपने-अपने व अलग-अलग खानदानों से एक-एक मटका (जिसे हम हांडी) भी बोलते है। वह निकाला जाता है उसके अंदर जो भी हमने पकवान बनाए होते हैं चाहे वह पूरी हो, चिल्ट या दू और मूढ़ी वह सब डाला जाता है। उस रात को उस मटके को मंदिर के नीचे एक बावड़ी है वहां ले जाकर फोड़ा जाता है।

इसके पश्चात् वहां सभी एकत्रित होकर नाटी लगाते हैं। इसी दिन सावणी को विदा किया जाता है। उसके बाद चार दिन कुछ नहीं होता अर्थात् उसे चार दिन बेठी कहा जाता है। उसके बाद आखिर में सुबह चार बजे उठकर पोल्टू बनाया जाता है व धूप के साथ मंदिर में जाते है। उसके अगले दिन मेले का पहला दिन शुरू होता है।

पहले दिन से रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। पहले दिन देवता जी के मंदिर की खज़ान (खज़ाना जहां रखते है जैसे मंदिर के पैसे) की चाबी के साथ नृत्य किया जाता है। असली मायने में केवल इसी दिन को फागुली मेला माना जाता है। हमारे यहां फागुली मेले का एक प्रसिद्ध गीत भी है। ''आशु की फागुली''।

पहले दिन के बाद बाकी के तीन दिन रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है व दिन के समय (खोंडया) हमारी लोकल बोली में खोन परो कहा जाता है।

तो दिन के समय उनका तमाशा होता है वह रात को हर एक रात अलग-अलग गायकों को बुलाया जाता है। आखिरी दिन में मुख्य्अतिथि जी को बुलाया जाता है जो कि गांव के ही प्रधान होते हैं तथा मुख्य रूप से मंदिर के सभी कारदारों का आमंत्रित किया जाता है व खाताकच पहना कर सभी कारदारों को सम्मानित किया जाता है।

फागुली मेले का आखिरी दिन सब को याद रहता है। उसके बाद सभी अगले वर्ष की प्रतिक्षा करते हैं।

*अंजली, कला संकाय, प्रथम वर्ष*

# हु-हु मेला

हु-हु मेला किन्नौर जिले के निचार खण्ड के निचार गांव में मनाया जाता है। निचार खण्ड के निचार गांव में इस मेले को बहुत ही हर्ष और उल्लास से मनाया जाता है। यह मेला साल में एक बार मनाया जाता है। यह मेला 16-17 जुलाई को मनाया जाता है। मेले के पहले दिन देवदार के पेड़ की लकड़ी को काट कर इसके टुकड़ों को जोड़ कर रखा जाता है। यह लकड़ी को 5 से 6 फीट तक ही रखा जाता हैं। इस लकड़ी के टूकड़ों को जोड़ कर बनाने में पूरा दिन लग जाता हैं। इसलिए जो लोग कण्डे में रहते है, वह लोग पापंग में जाकर वहां के फूलों को इकट्ठा करते है तथा उनकी मालाएं बनाते है और लकड़ी लाते हैं। वह लम्बी-लम्बी लकड़ियों का जोड़ एक मशाल बनाते है। कण्डे में रहने वाले लोगों को रांगपाल कहा जाता है। हु-हु मेले को किन्नौरी बोली में 'भाठी' कहा जाता है। शाम के समय में सभी लोग खाना खा कर मन्दिर में जाते हैं। इस मेले को ऊषा माता के मन्दिर में मनाया जाता हैं। कण्डे के लोग जिन्होंने फूल की मालाएं बनाई होती है वह उस बनाई गई मालाओं को पहनकर आते है।

मन्दिर के दो व्यक्ति निचार गाँव के गरादे गाँव में जाते है, वह दो व्यक्ति अकेले ही जाते हैं, उनके साथ कोई दूसरा व्यक्ति नहीं होता है। वह ऊषा देवी जी "तुरकंच" और "कांसाल" बजन्तरी को बजाते हुए गरादे गाँव जाते है, यह सब रात के 12 बजे किया जाता है क्योंकि यह रात का मेला होता है। वह दो व्यक्ति जब बर्तन बजाते है तो उन दोनों व्यक्तियों को भूत नज़र आता है, यह भूत सिर्फ इन दोनों व्यक्तियों को ही नज़र आता बाकि किसी को भी यह भूत नज़र नहीं आता।

वह भूत भी लम्बी-लम्बी लकड़ियों के बनाए गए मशाल को जलाता हुआ आता है और उन्हीं दो व्यक्तियों के साथ मन्दिर पंहुच जाता है।

निचार गाँव के सभी घरों में से एक-एक व्यक्ति आते है और उनके द्वारा बनाए गए मशालों को भी साथ लाते है। घरों से आये लोगों को "किमपाला" कहा जाता हैं और सभी लोग एकत्रित हो जाते है और फिर मशालों को जलाया जाता है, इन मशालों के साथ खेलते वख़्त सभी लोग हु-हु (भाठी यारों) कहते है।
दूर-दूर से लोग इस मेले को देखने आते है तथा इसका अनान्द लेते है। यह मेला रात के समय 2 से 3 घंटों तक ही खेला जाता हैं।

इस मेले को रात में बमाने के कारण इसे भूतों का मेला भी कहा जाता हैं। माता ऊषा देवी का जो यह बजन्तरी होता है "तुरंकच" इसे खास हु-हु मेले के अवसर में ही निकाला जाता है। यह मेला हज़ारों साल पहले से मनाया जा रहा है।

दूसरे दिन "दिन का मेला" होता है। इस दिन के मेले में सभी लोग बड़े से लेकर छोटे बच्चें सभी इस मेले का आनन्द लेते हैं। इस मेले में ऊषा माता और नारायण देवता सभी को दर्शन देते है, बाहर से भी लोग इस मेले को देखने आते है और इस मेले का आनन्द लेते है।

गाँव की महिलाएं मेले में पुराने-पुराने गीत गाती है और माला नृत्य करती है। साथ-साथ माता ऊषा देवी और नारायण देवता भी सभी के साथ मेला करते हैं। हु-हु मेले के दिन निचार खण्ड में लोकल छुट्टी दी जाती है। निचार गाँव में मनाया जाने वाला हु-हु (भाठी) मेले का सभी आनंद लेते हैं तथा सभी लोग इसे हर्षो उल्लास के साथ मनाते हैं।


*ममता, कला संकाय, प्रथम वर्ष*



# संस्कृत
## संभाग

### सम्पादकीयम्...

................
अध्यापक सम्पादक



...............
छात्र सम्पादक

## संस्कृतग्रन्थेषु विज्ञानंतत्वानि

संस्कृतभाषायं विज्ञानतत्वानां समयग्वर्णनं विद्यते, किन्तु पाश्चात्यजनप्रभावितैः कैश्चित् जनैड मिथ्या प्रचारः क्रियते यत् संस्कृतशास्त्रेषु कपोल-कल्पना वर्तते। यद्यपि विज्ञानतथ्यानां विषये धाारणा वर्तते यत् तेषामविष्करणं बहुधा पाश्चात्यैः वैज्ञानिकैः विहितम्, परन्तु-प्रचाराभवेन जनाः न जानन्ति यतेषां मौलिकं चिन्तनं संस्कृतगन्थेषु बहुवर्षेभ्यः पूर्वमेवावभवत्। यथा पृथ्व्याः विषये-संस्कृते स्पष्टमुल्लिखितं यद् धारणाच्च धरा प्रोक्ता पृथ्वी विस्तरयोगतः। भास्करायार्चेण लिखितम् यत इवम् पृथ्वी-ष्च्भूतामिका अस्ति। क्रमशः चन्द्र-बुध-शुक्र-रवि-भौम-ग्ररू-शनि-नक्षत्र-कक्षाभिः आवृता अस्ति। मनुजादिसहिता पर्वत-ग्राम-वन-उपवनादिभिः सुशोभिता इयं पृथिवी कदम्बपुष्पग्रर्थिं परितः केसर प्रसार इव अवलोकिता वर्तते। भास्कराचार्येण सिद्धान्तशिरोमणिग्रन्थस्य गोलाध्याये एवमेव प्रतिपादितम्। पृथ्व्या आधारविषये यद्यपि-कुत्रचित् प्रतीकात्मकं वर्णनं प्राप्यते, किन्तु शाकल्यसंहिलायाम् भूमेराधार-कल्पनामाः निराकरणम् दृश्यते।

*नेहा रंगमाह*
*कला स्नातक, द्वितीय वर्ष*

**"आधारकल्पनाभावात् कूर्मस्यापि शारीरिणः अनवस्था प्रसङ्गच्च रवे भूस्ताक्ष्र्यवदाश्रिता"**

शाकल्यसंहितोकं भास्कराचार्येण अपि इदं मत स्वीकृतम्। अत्र कथनस्य अभिप्रायः अस्ति यद् यदि भूमेः आधारः कश्चन स्वीकृतः तथा तस्य अपि अन्यः आधारः स्वीकारणीयः अन्यस्यापि अन्यः आधारकल्पनायाम् अनवस्था दोषः उत्पद्यते। अनेन मतेन अनवस्था दोषकारणात् पृथिव्यामेव स्वशाक्ति कल्पयते। तदा सर्वप्रथमस् एवम् किमर्थम् न कथितं यत् इयम् पृथिवी स्वशक्तयाः आकाशे स्थिता वर्तते। प्रसड़ गेऽस्मित् भास्करः कथयति यत् यथा अर्कानलयो ऊष्णत्वम् विद्यौ शीतलत्वम्, जले द्रवत्वम् पाषाणे कठिनत्वम् वार्यो च स्वभावतः प ञ्चत्वशक्तिः वर्तते तथा एव भूमौअपि स्थिरत्वशक्तिः वर्तते।

*नेहा रंगमाह*
*कला स्नातमक, द्वितीय वर्ष*

## वैदिकवाड़मये राष्ट्रियभावना

विद् ज्ञाने इति ज्ञानार्थकाद् विद् धातोर्घञ्ञि प्रत्यये वेद इति रूपं निष्पद्यते। 'सर्वज्ञानमयो हि सः' इति मुनुप्रोक्तमापि समर्थयत्येत्तत्वम्। तदेवं ज्ञानान्तः सारभूतं यदिदं वैदिकं साहित्यं, ततु अस्मदार्यपुरूषस्तपो निधिामि नक्तं दिवा कोरसंसाधनतया स्वकीय-दित्यदृष्टिभिः मानसप्रत्यक्षीकृतमपि अद्यत्वे श्रुतिपरम्पराय एवं जगत्कयाणाय सत्रिहितं समुद्घोष यदि आत्मनोऽतितरां वैशिष्टयम्। तदिदं वैदिकं साहित्यम् अभित्रमपि अन्तः सारत्वेन साकर्यायेव विषयावीाागतया ऋग्यजुः सामाथर्व संहितेति चतुर्धा व्यपदिष्टं सूरिभिः। तदस्मिन् वैदिकवाड्मये पश्यामः राष्ट्रिय भावनायास्तत्वानि।

राष्ट्रनायकमुपदिशता राष्ट्रप्रेमणा ऋषिणा अभिहितं निष्ठया स्वराज्य स्याभ्युत्रत्ये राष्ट्रं शत्रुरहितं कुर्यादिति
ओजसा पृथित्या निः शशा अहिममर्चत्रनु स्वराज्यम्।
अपि च राष्ट्रस्य अखण्डतायै ब्रह्माशक्तिः क्षात्रशक्तिश्चोभयोः संहतिः अनिवार्येति तभ्यम् उपलभ्यते अर्थववेदस्य ब्रह्मजायासूक्तात्। यदि हि क्षात्रशक्त्या ब्राह्मशक्तिः विरासक्रियते, तर्हि राष्ट्रं नश्यति। उक्तं च

**उग्रो राजा मन्यमानो ब्राह्मणं जिध्त्सिति।**
**परा तत् सिध्यते राष्ट्रं ब्राह्मणो यत्र जीयते।।**

उभयोः ब्राह्मणक्षत्रियोः संहत्या तु राष्ट्रस्य श्रेष्ठुत्वम् अक्षुण्णत्वं च वरीवर्तीति यजुर्वेदे स्पष्टम् उल्लिखितमस्ति।

**यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यञ्चौ चरतः सह।**
**तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेष यत्र देवः सहाग्रिना।।**

एकस्मिन् राष्ट्रे विविधभाषावलक्विनाम् अनेक धर्मानुगतानाञ्च जनानां मध्ये कदाचन्मतवैविध्यं यथा नोदीयेत, तदर्थमपि वै ऋषीणामुदातं चिन्तनं ततु परिलक्ष्णीयमेव।

*नेहा भण्डारी*
*कला स्नातक, प्रथम वर्ष*



# व्याकरणस्य प्रयोजनानि तन्महत्वं च

व्याकरणमिति पदं वि-आङ्पूर्वकाद् "डुकृञ करणे" इत्यस्माद् धातोः ल्युटि प्रत्यये कृते सिध्यति। अत्र करणे लयुट्प्रत्ययो विधीयते। तस्माद् व्याक्रिन्ते व्युत्पापाद्यन्ते शब्दा अनेनेति व्याकरणम् उच्यते। व्याकरणस्य अथर्आत् शब्दानुशास्यन्ते अनेन। आहोस्वित् शब्दानाम् अनुशासनमनेन विधीयते इति हेतोरपि शब्दानुशासनं व्यक्तुं शक्यते। "लक्ष्यलक्षणे व्याकरणाम्" (महाभाष्यम्, पस्पशा)। लक्ष्यमुदाहरणम्। लक्ष्णं सूत्रम्। एतत् सुमुदितं व्याकरणं भवति। किम्बहुना-अनेन उपर्युक्त विवेचनेन सिध्यति यत् येन शब्दाः व्याक्रियन्ते तदेव व्याकरणम्। व्याकरणाभावे पदानां ज्ञानम् असम्भवम्। भाषाज्ञानेपि दुर्लभमेव। पुनरपि सति प्रयोजनः न वयमुद्यता भवाम व्याकर्णाधिगन्तुम्। व्याकरण कठिन शास्त्रम्। अस्यावगमनाय तु बहुशः प्रयासाः करणीयाः भवन्ति। छात्रा व्याकरणं प्रति सोत्सुका न भवन्ति। इदमत्र ध्यातत्यम् अस्माभिर्यद् व्याकरणाभावे शब्दानां वास्तविकं ज्ञानम् असम्भवमेव। तदर्थं तु पठनीयमेवेदम्। अस्माकं प्राचीना अपि जानन्ति स्मैव यद् बालका अबोधा भविन्त। तम् अज्ञं तु यत्रापि नेष्यामः, स तस्मिन्नेव मार्गे चलिष्यति। अतोऽत्र उपाध्यायनमिदं कर्तव्यं भवति स्म यद् व्याकरणदिशास्त्राणि विद्यार्थी कथं पठेत? तदर्थमेव "प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते" इत्यांदीनि वचनानि समक्षम् आयन्ति। अनेन प्रयासेन अबोधा बालाकाः प्रेरिता भवन्ति, येन शास्त्राणां नितराम् अध्यापनं भवति स्म। एतादृशीं समस्यामवलोक्यैव महर्षिणा पतञ्जलिता श्रीभर्तृहरिणा चापि व्याकरणस्य प्रयोजनानि वर्णितानि। एतानि दर्शनमात्रेण तु साधाणनि परञ्च अतिमहत्वपूर्णानि। एतानि भवन्ति स्म। परिश्रमेण सम्पठय महतः शब्दोद्यान् जानन्ति स्म। सम्प्रति व्याकरणस्य केषुचित् प्रयोजनेषु विचार मत्र प्रस्तूयते।

*रविषा*
*कला स्नातक, प्रथम वर्ष*

# वैयाकरणानां स्फोटविमर्शः

भारतीयशब्दार्थ विवेचन परमपरायां ख्यातः स्फोट सिद्धान्तो न केवलं शब्दिकानां मूर्धाभिषिक्तः सम्मत श्चं त्वन्येषां भारतीयदर्शनानामपि प्रमुखो विवेच्यो विषयः। कस्तावत् स्फोटतत्त्वस्य सर्वप्रथम आविष्कर्ता इति प्रश्ने विद्वत्सु पर्याप्तं वैमत्यवलोक्यते। केचन् विद्वांसः-

महाभाष्यकारः पतञ्जलिइेव स्फोटतत्वस्यादिम अविष्कर्तेति स्वीकुर्वन्ति। किन्तु अष्टाध्याभ्यां पठितेन 'अवङ् स्फोटयनस्य' इति सूत्रेण स्वयमेव ज्ञाप्यते यत्-आचार्यपाणिनेः पूर्वमपि शब्दतत्वस्यार्थे स्फोटशब्दव्यवहारों आसीदति। काशिकाकारो हरदतः महावैयाकरणश्च नागेशः स्फोटयनाचार्यमेव सफाटसिद्धान्तस्याविष्कर्तृरूपेण स्वीकृरूतः -

"स्फोटोत्यनं पारायणं यस्य स स्फोटायनः स्फोट प्रतिपादनपरो वैयाकरणाचार्यः।"

वैयाकरणनागेशः स्फोटायनऋषेर्मतं।

परिष्कृत्योक्तवांस्तेन प्रीयतां जगदीश्वरः।।

एतामेव परम्परामाश्रित्य वैयाकरणैः विशिष्य च महाभाष्यकारेण महार्षिण पतञ्जलिना स्फाटविमर्शस्पैक्रत्याः सुव्यवस्थितायाः दार्शानिकपरम्परायाः सूत्रपातो विहितः, यस्याः चमत्कृतिरा-चार्यभर्तृहरेदर्शने पूर्णवेभवेन परिलक्ष्यते।

स्फोटस्वरूपम्-

शब्दस्वरूपं प्रतिपादयभ्दिर्वैयाकरणैः शब्दानां द्वैविध्यमभि-मन्यते-स्फोटात्मकः शब्दः ध्वन्यात्मकश्च शब्द इति। तत्रोच्यते आचार्यपतञ्चलिना- "येनोच्चारितेन सास्त्रा लाङ्गलकुदखुरविपाणिनां संप्रत्ययो भवति स शब्दः। अथवा प्रतीतपदार्थको लोके ध्वनिः शब्द इत्युच्यते तद्यथा-शब्दं कुरू, मा कार्षी, शब्दकार्ययं माणवक इति। ध्वनि कुर्व-न्नेवमुच्यते। तस्माद् ध्वनिः शब्दः।

*गुलवंशी कुशा*
*कला स्नातक, प्रथम वर्ष*

# आधुनिकपरिवेशे संस्कृतम्

केचन कथ्यन्ति यत् संस्कृतभाषाम् अधीत्य आजीविकाया: कृते काठिन्यं भवति। अथवा आजीविकाया: प्राप्तिरेव नैव भवति इत्यपि नैवोचितं। यतोहि संस्कृतस्य क्षेत्रं विस्तृतमस्ति। अनेके च विषया: संस्कृत–भाषायामुल्लिखिता: सन्ति पूर्वाचार्य्यै:। अद्यपि च अनेकैराचार्य्यै: विविधान् विषयानायिकृत्य प्रभूतं लिख्यते पठयते, श्रूयते च। चत्वारो वेदा: प्रसिद्धा एव। तत्र ऋग्वेदोऽयं 'यूनेस्को' इति संस्थया विश्ववस्य पुरातनग्रन्थ: घोषित इति सवैरेव सुस्पष्टं ज्ञायते एव। चिकित्या क्षेत्रे–आयुर्वेद: तत्रापि अस्य आद्य: प्रवर्तक: आचार्यचरक: सर्वप्रथम: आयुर्वेदाचार्य: ग्रन्थेऽस्मिन् एकलक्षौषधीनां ज्ञान निहिमस्ति। एवमेव आचार्यसुश्रुत: विश्वस्य सर्वप्रथम: शल्यचिकित्सक:। विज्ञान क्षेत्रमधिकृत्य भौतिक–विज्ञानं, रसायनविज्ञानं, वनस्पतिविज्ञान प्राणिविज्ञानं सुर्वेषु क्षेत्रेषु महदुल्लिखितमस्ति। गुरूत्वाकर्षणानियमानाम् आद्य: अनवेषक: भाष्कराचार्यो वर्तते यो हो न्यूटनादपि प्राक्कालिकोऽस्ति। एवमेव वैदिककालीन– विमानविद्याया अन्वेषका ऋषिभारद्वाज–महोदया: सन्ति। प्रसिद्धेना–चार्येण आर्यभटेन सर्वप्रथम 'पाई' इत्यस्य माप: स्पष्टीकृत एव ञ्च पृथिवी सूर्य परित: परिभ्रमति इत्यस्यापि सिद्धान्तस्य ज्ञानमनेनव प्रतिपादितम् इत्यत्र नास्ति कापि संशीति:। गणिताविष्येऽपि सम्पूर्णविश्व कृते शून्यस्यावधारणा एकत: नवपर्यन्त संख्याना परिपूर्ण ज्ञानं एवञ्च दशमलवप्रणाल्या: ज्ञानं भारतीया–गणिताङ्कशास्त्रमनीषिभि: एव कारितम्।

खगोलशास्त्रविषयेऽपि सूर्याचन्द्रमसो: गति: प्रथिवीव्यास: ग्रहोपग्रहाणां गुरूत्वाकर्षण–नियमाना ञ्च ज्ञानं भारतीयमनीषिभि: एसव सुतरां ज्ञातम्। ऋग्वेदस्य हिरणगर्भसूक्तं, नासदीसूक्तञ्च प्रसिद्धतममेव।

*प्रवीणा नेगी*
*कला स्नातक, प्रथम वर्ष*

# वेदेषु ग्रहण विमर्श:

प्राचीनकाला देव मानव: आकाशनिरीक्षणं प्रति समुत्सुको दृश्यते। वैदिक ऋषिभिरपि कौतूहलेन आकाशीय ग्रह–तारकाणां गतिस्थितिविषये अध्ययमारब्धं! खगोले ग्रहणक्षत्राणां दैनन्दिनं दर्शनातिरिकमपि केचन आश्चर्योत्पादका: चमत्कारा: यदा–कदा दृश्यन्ते। तेषु धुमकेतूल्कापातादय अनेका आर्श्चजनक घटना: न केवलं विस्मयोत्पादका: अपितु अबोध जनानां मानसि भ्यमप्युत्पादयन्ति्! अस्माकमृषय: आचार्यश्च ग्रहन–क्षत्रादीनामध्ययनेन सह तासामपि सततं वेधं कृतवन्त:। प्राचीनभारतीय वाङ्मेय अनेकेषु स्थलेषूल्पकापात धूमकेत्वादीनां वर्णनमस्य प्रमाणं। तासु खगोलीयाश्चर्यजनक घटनासु ग्रहणमन्यतमं। कस्यापि खागोलपिण्डस्य दर्शने अपरखगोल–पदार्थेन कृतं व्यवधानमेव ग्रहणम्। पृथिवीत: दृश्यमानानि ग्रहणानि तु द्विविधम–सूर्यग्रहषम! अत: सूर्यग्रहणस्य कारकेषु चन्द्रोऽपि महत्वपूर्ण मस्तीति सम्भवत: तदा ज्ञातमासीत् । ऋगवेदे सूर्यग्रहणसय विषयं किञ्चिद्विशिष्टवर्णनं समुपलभ्यते। यथा–

यत्वा सूर्य स्वर्भानुस्तमसाविध्यदासुर:।
अक्षेत्रविद्यथामुग्धो भुवनान्यदीधयु:।।
स्वर्भानोरध यदियन्द्र माया अवो दिवो वर्त्तमाना अवाहन।
गूकहं सूर्य तमसापव्रतेन तुरीयेण ब्रह्मणांऽ विन्ददत्रि:।।
मा मामिमं तव सन्तमत्र इरस्या द्रुग्धो भियसा नि गारीत्।
त्वं मित्रो असि स्त्यराधास्तौ मेहावत वरूणश्च राजा।।
ग्राण्णो ब्रह्मा पुयुजान: सपर्ययन कीरिणा देवान्नमसोपशिक्षण।
अत्रि: सूर्यस्य दिवि चक्षुराधात्स्वर्भानोरप माया अधुक्षत।।
यं वै सूर्य स्वभानुस्तमसाविध्यदासुर:।
अत्रयस्तमन्वविन्दन्नहान्ये अशक्नुवन।।

प्रीतिका
कला स्नातक, प्रथम वर्ष

# अथर्ववेदानुसार आचार्य-शिष्य परम्परा

आध्यात्मिक प्रज्ञा का नई पीढ़ियों तक पहुंचाने के सोपान को आचार्य-शिष्य परम्परा कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में गुंरू शिष्य परम्परा के अन्तर्गत गुरू (शिक्षक) अपने शिष्य का शिक्षा देते है या विद्या सिखाता है। बाद में वही शिष्य गुरू के रूप में दूसरों को शिक्षा देता है। यही क्रम चलता जाता है। यह परम्परा सनातन धर्म को सभी धाराओं में मिलती हैं गुरू शिष्य की यह परम्परा ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में हो सकती है, जैसे-अध्यात्म, संगीत, कला, वेदाध्ययन, वास्तु आदि। आचार्य शब्द को भारतीय संस्कृति में गुरू शब्द का पर्याय माना है। 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार और 'क' शब्द का अर्थ है प्रकाश ज्ञान। अज्ञान को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वह गुरू है। आक्षमों में गुरू-शिष्य परम्परा का निर्वाह होता रहा है। भारतीय इतिहास में गुरू की भूमिका समाज को सुधार की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक के रूप में होने के साथ क्रान्ति को दिशा दिखाने वाली भी रही है। भारतीय संस्कृति में गुरू का सीान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है, अत एवं कहा गया है-

**गुरूब्रह्म गुरूर्विष्णुः गुरूः देवो महेश्वरः।**
**गुरूस्साक्षात्परब्रह्मः तस्मै श्री गुरवे नमः।।**

प्राचीन काल में गुरू और शिष्य के सम्बन्धों का आधार था गुरू का ज्ञान, मौलिकता और नैलिक बल, उनका शिष्यों के प्रति स्नेह भाव तथा ज्ञान बांटने का निस्वार्थ भाव।

शिष्य में गुरू के प्रति श्रद्धा, गुरू की क्षमता में पूर्ण विश्वास तथा गुरू के प्रति पूर्ण विश्वास तथा गुरू के प्रति पूर्ण समर्पण एवं आज्ञाकारिता अनुशासन शिष्य का सबसे महत्वपूर्ण गुण माना जाता था।

आचार्य चाणक्य ने एक आदर्श विद्यार्थी के गुण इस प्रकार बताए हैं-

काक-चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा तथैव च।
अल्पहारी गृह त्यागी विद्यार्थिनः पञ्चलक्षणम्।।

गुरू और शिष्य के बीच केवल शाब्दिक ज्ञान का ही आदान-प्रदान नहीं होता था बल्कि गुरू अपने शिष्य के संरक्षक के रूप में भी कार्य करता था।

*भावना नेगी*
*कला स्नातक, प्रथम सत्र*

## स्मृति सौरभम्

द्यानदगङ्ग बहतीव यत्र
सौन्दर्यसिप्रा सरतीय यत्र।
बन्धुत्वसिन्धुश्चलतीव यत्र
संस्कारशुद्धोऽस्ति स वो विभागः।।
विलोक्य विद्यां प्रति कर्मनिष्ठां
चेष्टां न सर्वां निजनेत्रकान्त्या।
जातं कि चितं सुखमण्डितं मे
विद्या यतो मे जननीव जीर्णा।।
शुभ्रा सुचित्र सरला सुभद्रा।
विभागदायित्व सरला सुभद्रा।
विभागदायित्वनगाधिरूढ़ा।
बन्धुत्वविद्याविषये प्रवीणा।
तां भारतीं स्नेहवती स्मरामि।।
या माधवी माधवभावसिक्ता
सदानुरक्ता ऽध्ययेनऽतिशान्ता।
विद्योतते य प्रतिमेव साक्षात्।।

*मेघा रानी, कला स्तनाक, तृतीय वर्ष*

# विद्यामहिमा

विद्या ददाति विनयं
विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति,
धनाद् धर्मः ततः सुखम्।।
यथा खनन् खनित्रेण नरो वार्याधिगच्छति।
तथा गुरूगतां विद्यां सुश्रूषुरोधगच्छति।
मातृपितृकृताभ्यासो गुण्तिामेति बालकः।
न गर्भच्फुतिमात्रेण पुत्रो भवति पण्डितः।
न चौरहार्य न च राजहार्य न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एवं नित्यं विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम्।
मातेव रक्षति पितेव हिते नियुंक्ते,
कान्तेव चाभिरमयत्यपनीय खेदम्।
लक्ष्मीन्तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम्,
किम् किम् न साधयति कल्पलतेव विद्या।
विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्धन्नगुप्तं धनम्,
विद्या भोगकारी यशस्सुखकरी विद्या गुरूणं गुरूः।
विद्या बन्धुजनें विदेश-गमने विद्या परन्दैवतम्,
विद्या राजसु पूज्यते नहिधनं विद्याविहीनः पशुः।
विद्या नाम नरस्य कीर्तिरतुला भाग्यक्षये चाश्रयो
धेनुः कामदुधा कुलस्य मोहमा रत्नै र्विना भूषणम्
तस्मादन्यमुपेक्ष्य सर्वविषयं विद्याधिकारं कुरू।

*सिमरन नेगी*
*कला स्नातक, प्रथम वर्ष*

## जिज्ञासा

यदि त्वं जीवितुमिच्छसि किम् कर्त्तव्यम्?
–तर्हि जीवनेन सह संघर्ष कुरू।
यदि त्वं त्यग्तुमिच्छसि किम् कर्त्तव्यम्?
–तर्हि त्यज दुर्गुणम्।
यदि त्वं वक्तुमिच्दसि किम् कर्त्तव्यम्?
–तर्हि सत्यम् वद।
यदि त्वं किमपि ग्रहीतुमिच्छसि?
–तर्हि आशीर्वादं गृहणातु।
यदि त्वं किमपि दातुमिच्छसि?
–तर्हि ज्ञानदानं कुरू।
यदि त्वं किमपि कर्तुमिच्छिसि?
–तर्हि उद्यमं कुरू।

*मेघा रानी*
*कला स्नातक, अंतिम वर्ष*

## गुरू:

चिन्मयं व्यापितं सर्व त्रैलोक्यं सचराचरम्।
तत्पदं दशितिं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः।।
गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूदेवो महेश्वरः।
गुरूः साक्षात् परं ब्रह्मः तस्मै श्री गुरूवे नमः।।
धर्मज्ञो धर्मकर्ता न सदा धर्मपरायणः।
तत्त्वेभ्यः सर्वशास्त्रयदिशको गुरूरूच्यते।।
विद्वत्त्वं दक्षता शीलं सङ्कान्तिसुशीलम्।
शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्वं प्रसन्नता।।
धर्मज्ञो धर्मकर्ता च सदा धर्मपरायणः।
तत्वेभ्यः सर्वशास्त्रार्थादेशको गुरूरूच्यते।।

*मेघा रानी*
*कला स्नातक, अंतिम वर्ष*

## अलस्यः

अलस्य कुतो विद्या, अविद्यस्य कुतो धनम्
अधनस्य कुतो मित्रम्, अमित्रस्य कुतः सुखम्।।
यथा ह्येकेन चक्रेण न स्थस्य गतिर्भवेत्।
एवं पुरूषकारेण विना दैवं न सिद्धयति।
उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।
आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्यो महान् रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वां यं नावसीदति।
योजनानां सहस्त्रं तु शनैर्गच्छित् पिपीलिका।
आगच्छन् वैनतेयोपि पदमेकं न गच्छति।


*मेघा रानी*
*कला स्नातक, अंतिम वर्ष*

## सुभाषितानि


चिता चिन्तासम ह्युक्ता बिंधुमान विशेषतः।
सजीवं दहेत चिंता निर्जीवं दहते चिता।।
एकवर्णं यथा दुग्धं भिन्नवणसिु धनेषु।
तथैव धर्मवैचित्र्यं तत्त्वमेकं परं स्मृतम्।।
सर्व परवशं दुःखं सर्वम् द्यात्मवंश सुखम्।
एतद् विद्यात् समासेन लक्षणं सुख दुःखयोः।।
आकशात् पतितं तोयं तथा गच्छति सागरम्।
सार्व देव नमस्कारः केशवं प्रति गच्छति।।
सुखार्थी व्यजते विद्यां विद्यार्थी त्यजते सुखम्।
सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम्।।
उपार्जितानां वितानां त्याग एव हि रक्षणम्।
तडागोरदरसंस्थानां परीवाह उवाम्भसाम्।।


*मेघा रानी*
*कला स्नातक तृतीय वर्ष*

# पहाड़ी अनुभाग



अध्यापक सम्पादक





**साक्षी पैलस**
छात्र सम्पादक

## सम्पादकीय...

मैं साक्षी पैलस हामरे कालेज के B.A. 2nd Year की छात्रा हूँ। सर्वप्रथम मैं उन सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने मुझे 'मातृका' पत्रिका के पहाड़ी अनुभाग की छात्रा सम्पादायक बनने का सौभाग्य प्रदान किया।

सभी छात्र–छात्राओं को मैं यह कहना चाहती हूँ कि हमेशा अध्यापकों की बात माने। कभी भी अनदेखा न करे क्योंकि उनकी प्रत्येक बात के पीछे कोई न कोई गूढ़ शिक्षा छिपी होती है जो हमारी भलाई के लिए होती है।

मुझे T.S. Negi COllege की (मातृका) पत्रिका के पहाड़ी अनुभाग की छात्रा बनने का अवसर मिला, मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूँ।

## माता-पिता

मामता पिता होओ भगवान समान कबै न करै इनरा अपमान
नैई भागरे से लुमदौ धन सौ चाऊ तुमहारा कल्याण।
सौछा करझै तिना रा आदर।
आमा-बाबा बोलौ तमे या मदर-फादर
कतै न करो तिना रा निरादर
जिनरी जो तुओ रा लालन-पालन
तन समाने तुम एहसान
देखो होऊना से कर्दी दुखी सदा
रखो तुम इने सुखी

*सवीता राज , कला संकाय द्वितीय वर्ष*

## धरती माँ

धरती म्हारी माता ओसौ,
माता दे प्रणाम करौ।
बनी रो इसकी सुन्दरता।
ऐडा भी कुछ काम करौ।
आओ हमे सौबे मिल जुल कर।
इसी धरतर दे स्वग्र बनादे।
देओ सुन्दर रूप धरा।
पर्ततौ, पहाड़ी और नदिंया।
ऐसी रे शान औ।

*इशिता रॉय, कला संकाय द्वितीय वर्ष*



## पहाड़ी चुटकुल



हिमाचली चाचु: क्या करदा वो मुनू तू
मुंडू- Engineering  करदा चाचू
चाचू- से क्या हुदी
मुंडू- ईमारता कने मकान बनाना सिखा दा अरा
चाचु- मरिगया इयां तोल न मिस्त्री है तू।

छोरी : कितु आ तु मरूपा ??
छोरा: हस्पताल में हू एक बार आला टक्कर मारी गया।
छोरी: अच्छा छूट्टी कदी मिलणी?
छोरा: दो दिन लगने।
छोरी: ठीक है! दुई दिन बाद छुट्टी मिलदे ई मेरा रिचार्ज कर दिए।
– नही तो दुबारा हस्पताल पुजायि देना। .....

*साक्षी पैलस*
*कला संकाय द्वितीय वर्ष*

## उलझन

पापा बोली (Doctor) आमा बोली इंजीनियर
भेया बोलो ए दो बडिया शीख त कम्प्यूटर
चाचा बोलो आग चीलीरा, बणा तु कंडेकटर
दादा बोलो फौजी बणियो लडीरो नाऔं कमाओ
भेण बोली घरे बेठियो, उद्योग लगाओ।
सभी री लग-लग सोच, सभी दो प्यारा नारा
पर मेरे मनरी उलझन कोई न समझी पांदा ।

*विभु कुमार*
*कला संकाय द्वितीय वर्ष*

## ज़िन्दगी

एक अजब जैए अस ऐ जिन्दगी ।
सभी  साथी हौंदे भी अकेला अस ऐ जिन्दगी।
कबै तौ जैआ अत्मान असौ ऐ जिन्दगी
कबै दुबौ द भरा तुफान ए जिन्दगी।
कबै तो गुलाब द भर गुलदस्ता ऐ जिन्दगी
कबै कैसे सुनसान असौ ऐ जिन्दगी।
चऊ देसौ रे महमान असौ ऐ जिन्दगी
जीऊणौ री शान भी असौ ऐ
जिन्दगी ।....


*काजल ठाकुर*
*कला संकाय द्वितीय वर्ष*

## शराब

1. शराब सोधा हुंदा लोकरी जिन्दगी बरबाद ।
   शराब सोधा तीसरा शराबी सारे काम काज।
2. न शोहख बे भेटती शोभली शिक्षा ।
   न विभाखी ते भेटती शम्बडी शिक्षा ।
3. शराबे सोधा बिखरा सारा परिवार।
   तेबा भी शराबी ती मनदे आपणी हार।
4. तेबा भी शराबी ना मनदे आपणी हार जिऊणा तेबा मत पिआ शराब ।
5. शराब मुक्त होणा अगर संसार चऊ तरफे हुणी खुशी री बौछार ।

*प्रिया*
*कला संकाय द्वितीय वर्ष*

## माँ ( Mother ) अम्मा



माँ दुनिया दी सभी की प्यारी
आपणे बेटे री करो हमेशा तरफदारी ।

माँ री अजब लाली न्यारी
दु:ख री सभी री सवाटीर

माँ री वजह चालो सारा संसार
दिआ री वजह ही लमला संस्कार

माँ रो याद आजौ दिन और रात
बड़ी ही ममता आणे होआ माँ रे।


मा रे हायां गाए कई अहसान
सभी आचार दिन रे महमान

माँ री करनी हमेशा याद
सभी का मेरो एई फरियाद।

## Fox and The Grapes

Once there was लुकी (लोमड़ी)
She was very भूखी
She saw a अंगूर का गुच्छा
But it was अमतल ऊँचा
She बूढ़ी बूढ़ी
But could not पूजी
She fall down on a भाटा
and said was very खाटा।

*किरण*
*कला संकाय, द्वितीय वर्ष*





### पहाड़ी जरूर ( चैंई )

(1) स्कूल दे मास्टर, अस्पताल दे डाक्टर बस दे कंडकटर जरूर चैई।
(2) ड़ीसी के कार, रेडियो दे समाचार पहाडी दे देवदार व अमृतसर व सरदार जरूर चैई।
(3) पढ़ने के ध्यान, तलवार के म्यान, शुणन के काम, मुर्ख के ज्ञान जरूर चाईं।
(4) पीणे (Water), तड़कणे खे टमाटर पहने खे स्वाटर जरूर चैई।

*अनुराग*
*कला संकाय, द्वितीय वर्ष*

## पहाड़ी भाषा रा महत्व

हमारे पहाडी भाषा रा महत्व पूरे हिमाचल दा अस, हमारे हिमाचल दे कई प्रकार री भाषा बोलो पिरे। शिमल दे पहाड़ी, बिलासपुर, मण्डी दे मण्डयाली कई प्रकार री भाषा बालो।
सभी लोग पहाड़ी भाषा बोलणा चाओ लेकन कोसी आईयो नहीं । तबे भी बोलणी रा प्रयास करना चाओ, म्हारे गाव दे सारे बच्चे पहाड़ी भाषा बोले, अगर हमें हिमाचल दू बाहर भी डेआ तो हामा खे लगो बोलो कि ऐआ रे जा पहाडिया आजा।

*आस्था*
*कला संकाय तृतीय वर्ष*

## भेट सयाची

किसी दिसानी हे आज माझे मन सैलावले
दुडूदुऊ त्या चालीने उभे शैशव धावले
किलीबल द्वितगुज करी रानास पाखरे
बालपणीच्या सामांना-पद्यण्या हे मन झुरे
मंद पारिजास त्याचा येई धुंदमा सुवास
आज पडणार आम्हा सर्व संयाच्पा ग गाठी
आज लाभणार भला भाइया सुहंदायी साि
गुंजाख पुन्हा होणार त्याच कृष्णच्याग आठी
झालो जरी आम्री मोठया, करतो संसार सानुला
मनी उकवा कोपरा जीवापड़ी तो जपला
आली बादके कधी अन कंधी शियलने चांदणे
नाही बिसरली पण लुदुपुदुचे से खेद्धणे
बालपणीच्या ग भाइया आठरणी किती थोर
मोरपंखी त्या काकाचा मनी दादठा गं मोर
पुन्टा गुकूंया संयानो टोच रेशमाचा फेर
पुन्हा छेडू हृदयी ची, तीय अल्लतउशां तार।

*अभीषा देवी*
*कला संकाय, द्वितीय वर्ष*